हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025

11 गांव बीरण में बाढ़ से हालात, स्कूल व मंदिर में दो से ढाई...



12 चौधरी बंसीलाल का विदेशों में भी नामः किरण



**खबर संक्षेप**

### गोस्वामी लालदास मंदिर में मेला भादो षष्ठी कल से

**भिवानी।** श्रीश्री 1008 गोस्वामी लालदास महाराज के 79वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य पर जैन चौक स्थित गोस्वामी लालदास मंदिर में 28 व 29 अगस्त को मेला भादो षष्ठी का भव्य आयोजन होगा। इस दौरान विशाल भंडारा, ज्योति यात्रा और श्रीश्याम बाबा जागरण का आयोजन होगा। मंदिर के सचिव गणपतराय जसूजा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 28 अगस्त को शाम 5 बजे से प्रभु इच्छा तक श्रीश्याम बाबा का जागरण होगा। जागरण में प्रसिद्ध कलाकार तनुश्री हिसार, गौरव अग्रवाल भिवानी, मोनू सांवरिया भिवानी, दिव्यांग मनोज और कृपा सांवरे का परिवार भिवानी द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएगी तथा भजन-गीतों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणमान किया जाएगा।

### जागरण, मेला और भंडारा आज से शुरू

**चरखी दादरी।** गांव सांवड़ के रानीला रोड जैन मंदिर स्थित दादी सती रानी निवारू देवी मंदिर परिसर में 27 व 28 अगस्त को जागरण, मेला, भंडारा व रागनी कम्पीटिशन का आयोजन समस्त गौगान कौशिक परिवार व ग्रामीणों के सहयोग से होगा। लोकगायक कुलदीप शर्मा केडी व मंदिर कमेटी सदस्यों ने बताया कि बुधवार 27 अगस्त को रात्रि जागरण में सती रानी की महिमा का गुणगान विधि देशवाल, रामधन गोवस्वामी, केडी शर्मा, पवन म्युजिकल ग्रुप बाबू कैथल आदि कलाकार करेंगे। 28 अगस्त वीरवार को मेला, भंडारा व रागनी कम्पीटिशन का शुभारंभ प्रात नौ बजे से होगा।

अल सुबह से बारिश जारी गांव, कस्बे और शहर पानी-पानी

## नौरंगाबाद में मंदिर पर गिरी बिजली, खेतों में भरा पानी

### विकास नगर के डिस्पोजल के डीजल पम्प में लगी आग

*खेतों में तीन तीन फुट तक बारिश का पानी जमा है। जहां तक नजर दौड़ाई जाए। वहां तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। जलभराव के कारण अनेक जहरीले जीव घरों में घुसने लगे हैं।*



**भिवानी।** विकास नगर स्थित डिस्पोजल में धूं-धू कर डीजल पैम्पसेट जलता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पहले से ही कई स्थानों पर बारिश का पानी जमा था,लेकिन कल शाम से हो रही तेज बारिश ने उस पानी का लेवल ओर बढ़ा दिया। खेतों में फसलों की बिजाई नहीं हो पाई। अभी भी खेतों में बारिश का पानी जमा है। किसानों के अरमान तो पानी में ही डूब गए। दूसरी तरफ खेतों में जमा बारिश के पानी में जहरीले जीव जंतु पैदा होने लगे। अब इन खेतों में तीन तीन फुट तक बारिश का पानी जमा है। जहां तक नजर दौड़ाई जाए। वहां तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। कई दिनों से पानी जमा रहने की वजह से अनेक जहरीले जीव पैदा हो गए है। जमा हुए पानी में सबसे ज्यादा सांप पनप रहे है। हालात ये बने है कि ऐसा कोई इलाका नहीं होगा। जहां पर कहीं पर एक दर्जन तो कहीं पर इससे ज्यादा सांपों का पानी में डेरा न हो। जो कि पानी से गुजरने वाले लोगों को काट रहे है। सबसे बुरी स्थिति तालू, धनाना, बडेसरा, जताई वाले इलाकों में बनी है। इन इलाकों में लोग खेतों में जाने से कतराने लगे है।

जिन इलाकों में बारिश का पानी जमा है। उन इलाकों के लोगों पर कई तरह की मार पड़ रही है। पहले ज्यादा बारिश की वजह से अनेक जगहों पर पानी जमा होने से फसलों की बिजाई ही नहीं हो पाई,लेकिन अभी रही सही कसर पानी में पनप रहे सर्प निकाल रहे है। जो भी व्यक्ति पानी से होकर अपने खेतों में जाता है। उन लोगों को सर्प काट रहे है। आज गांव बडेसरा निवासी पंकज अपने खेत में जमा पानी की निकासी के लिए बिजली की पम्प स्टार्ट करने के लिए गया था। जैसे ही वह पानी से होकर पैम्पसेट तक जाने लगा। पानी में ही पंकज के पैर पर डंक मार दिया। उसने अपने पैर से खून निकलते देख कर परिजनों को सूचना दी। सूचना के बाद परिजन ने उसको दवाई दिलवाई।





■ सबसे बुरी स्थिति तालू, धनाना, बडेसरा, जताई वाले इलाकों में बनी है। इन इलाकों में लोग खेतों में जाने से कतराने लगे हैं





**भिवानी।** आसमानी बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हुई मंदिर की गुबंद और सर्प दंश का निशान दिखाता किसान पंकज। फोटोः हरिभूमि

### 20 घरों के बिजली के उपकरण जले

मंगलवार सुबह बारिश के दौरान गांव नौरंगाबाद की ढाणी स्थित मंदिर पर बिजली गिर गई। जिस वजह से मंदिर की गुबंद टूटने के साथ साथ वहां पर रखे सभी बिजली के उपकरण भी जल गए। साथ ही मंदिर के आसपास करीब 20 घरों के बिजली के उपकरणों के अलावा इन्वेर्टर व बैटरी भी पूरी तरह से खाक हो गई। गनीमत यह रही कि जिस जगह पर बिजली गिरी है। उस जगह पर कोई जन हानि नहीं हुई। सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास अचानक तेज रोशनी हुई। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। उसके कुछ देर बाद एक बहुत तेज आवाज हुई। गडगगड़ाहट की आवाज हुई तो लोगों को समझ आया कि इस इलाके में बिजली गिरी है। कुछ देर तक कोई भी लोग मौके पर पहुंचने से कतराते रहे। बारिश बंद हुई तो लोगों लोग मंदिर के पास पहुंचे और जांच पड़ताल की। लोगों ने पुलिस के 112 नम्बर पर कॉल की और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सारे मामले की जांच की। आसमान बिजली गिरने से नौरंगाबाद की ढाणी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### विकास नगर डिस्पोजल की लाइट गायब

अल सुबह तेज बारिश से शहर पानी पानी हो गया। सबसे बुरी स्थिति विकास नगर इलाके की रही। यहां पर पब्लिक हेल्थ विभाग की ढिलाई की वजह से कई घंटों तक विकास नगर के लोगों को बारिश के पानी से ही बाहर व भीतर जाना पड़ा। कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकाकारियों को सूचना दी,पर उनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। सुबह जब बारिश शुरु हुई तो अचानक विकास नगर इलाके में स्थित डिस्पोजल पर बिजली का कट लग गया। यहां पर रखे डीजल पम्पसेट ने काम नहीं किया। जिस वजह से इलाके में जमा पानी की निकासी शुरू ही नहीं हो पाई। कई बार लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सूचना दी,पर समस्या का हल नहीं हो पाया। करीब दो बजे जाकर बिजली की सप्लाई शुरू हुई तो डिस्पोजल पर लगाए गए पैम्पसेटों से पानी की निकासी शुरू हुई। क्षेत्रवासी डॉ. आरबी गोयल ने बताया कि पब्लिक हेल्थ विभाग की पानी की निकासी की कोई व्यवस्था न होने की वजह से गली, सड़कों पर पानी जमा हो गया।

## युवाओं को नशे के दुष्प्रभावाओं की जानकारी दी

■ चौ बंसीलाल राजकीय कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

चौ बंसीलाल राजकीय कॉलेज में मंगलवार को यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ट के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसके तहत युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया तथा नशे के दुष्प्रभावाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यूथ रेडक्रॉस संयोजक सोनू के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। उन्होंने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा ने प्रथम, कंचन ने द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ मुकेश चहल ने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है तथा नशे के कारण युवा का जीवन अवनति की ओर जाने लगता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे सभी प्रकार के नशों से दूर रहते हुए समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान दें।

## आशीश पहलवान ने जीती 51 हजार रुपये की पहली कुश्ती



**भिवानी।** पहलवानों का परिचय करवाती सीटीएम प्रीति रावत। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव मानकावास स्थित गोसाई धाम परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन समस्त कमेटी सदस्यों व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। बतौर मुख्यतिथि सीटीएम चरखी दादरी प्रीति रावत ने कुश्ती में अपने दाव पेंच दिखाने वाले सभी खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त किया तथा अध्यक्षता महिला सरपंच रचना देवी ने की। कमेटी सदस्यों ने समस्त कुश्तियों का संचालन सफल तरीके से करवाया। इस दौरान सालाना मेले में भी मानकावास सहित आसपास के दर्जनों गांवों से आए श्रद्धालु दादा गोंसाई धाम मंदिर परिसर में अपना मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।

प्रीति रावत ने पहली कुश्ती पहलवानों के हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता शुरू करवाई। प्रथम तीन कुश्तियां काफी रोचक रही, जिसमें दोनों पहलवानों ने काफी रोचक तरीके से दाव पेंच दिखाए। पहली 51 हजार रुपये की कुश्ती आशीष व जितेन्द्र के बीच खेली गई, जिसमें आशीष पहलवान विजेता रहे। वहीं दूसरी 31 हजार की कुश्ती वजीर व हिमांशु के बीच बराबरी पर छूटी। तीसरी 21 हजार की कुश्ती में आखिर तक प्रतीक व सन्नी में बराबरी की टक्कर रही व दोनों को ही विजेता घोषित किया। इस मौके पर भगवाना, मास्टर शेरसिंह, सरपंच प्रतिनिधि रणधीरसिंह, पूर्व पंच दिलबाग, पूर्व जिला पार्षद रामकिशन, चीफ इंजीनियर मर्चेंट धर्मवीर आदि मौजूद रहे।



### चरखी दादरी में 30 को व बाढ़ड़ा में छह को होगा भाईचारा सम्मेलन

**बाढ़ड़ा।** जाट समाज द्वारा 30 अगस्त को चरखी दादरी गामड़ी स्थित जाट धर्मशाला तथा छह सितंबर को बाढ़ड़ा में भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जाट सेवा संघ चरखी दादरी अध्यक्ष अजीत फोगाट ने बताया कि सम्मेलन में समाज की ज्वलंत समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि समाज में संगठनात्मक मजबूती और युवा पीढ़ी की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श होगा। कप्तान भीम सिंह द्वारका की अध्यक्षता में भाईचारा सम्मेलन के लिए मंगलवार को जिला चरखी दादरी जिले के गांव कनेटी, नीमली, स्वरूपगढ़, सातोंर, भागवी, पातुवास, साहूवस, हंसावास, सिरसली, मांढी केहर, काकड़ौली व द्वारका सहित दर्जनभर गांवों में निमंत्रण दिया।

## डीईओ ने पौधरोपण कर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में पौधारोपण अवश्य करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने कहा कि पेड़ और वृक्ष कुदरत का अनुपम उपहार हैं तथा इनका संरक्षण करके हम जीवन को नए आयाम दे सकते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। वे गत दिवस लोहारू में खंड के सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य और डीडीओ की बैठक को संबोधित करने से पहले पौधारोपण कर रही थी।

बीईओ विजय प्रभा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीईओ निर्मल दहिया ने बीईओ कार्यालय परिसर में कई पौधे लगाए और दूसरों को भी पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया। खंड के सरकारी विद्यालयों के प्राचार्यों और डीडीओ की बैठक को संबोधित करते हुए डीईओ निर्मल दहिया ने एनएनएमएस, इंसपायर और उल्लास आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी और इन कार्यक्रमों को और अधिक बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए जरूरी है कि सरकारी के निर्देशो की पालना करते हुए शिक्षण-अधिगम की नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि इंसपायर, एनएनएमएस और उल्लास कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से चलाकर पूर्ण करवाया जाए।



**लोहारू।** लोहारू के बीईओ कार्यालय परिसर में पौधा रोपण करते हुए डीईओ निर्मल दहिया, बीईओ विजय प्रभा व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

डीएससी रोहित दहिया, कपिल शर्मा, उल्लास कॉ आर्डीनेटर मुकेश महता ने संबंधित अनेक योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस मौके पर प्राचार्य हीरालाल सांगवान, रवींद्र शर्मा, मनोज कुमारी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य व डीडीओ मौजूद थे।





सशक्त समाज की ओर सैनी कल्याण परिषद का एक कदम

## 1500 छात्रों ने दी प्रतिभा प्रोत्साहन एवं विकास परीक्षा

■ शिक्षा के बल पर ही एक समेकित और सशक्त समाज का निर्माण है संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महान समाज सुधारकों महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए, सैनी कल्याण परिषद ने एक अनूठी पहल की है। शिक्षाविद राजकुमार सैनी के मार्गदर्शन में परिषद ने युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रतिभा प्रोत्साहन एवं विकास परीक्षा का आयोजन किया। यह परीक्षा भिवानी शहर के साथ-साथ नौरंगाबाद,बहल,बीरण, दुल्हेड़ी, बवानीखेड़ा, ढाणी खुशहाल, लोहारू में भी आयोजित की गई। सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा छठी से लेकर स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्रों को पहचानना और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करवाना है।



**भिवानी।** प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

#### परीक्षा केंद्रों के प्रभारी

इस अवसर पर भिवानी परीक्षा केंद्र के प्रभारी शिक्षाविद राजकुमार सैनी, प्रधान भूप सिंह सैनी, प्राचार्या वंदना सैनी, लेक्चरर बबीता सैनी, रेणु बाला एडवोकेट, राधेश्याम सैनी ठेकेदार, ईश्वर सैनी नायब तहसीलदार, इंजीनियर अभिषेक सैनी रहे। नौरंगाबाद सैंटर के प्रभारी मा. पृथ्वी सैनी, कृष्ण सैनी, सुभाष सैनी, हवा सिंह सैनी, बवानीखेड़ा के मास्टर सुरेंद्र सैनी, नवीन सैनी, रमेश सैनी ढ़ाणा रोड़, ढ़ाणी खुशहाल सैंटर के प्रभारी मा. मनोज सैनी, जगदीश चंद्र सैनी, सुरजीत सैनी, सुनील सैनी, फूल सिंह सैनी, बीरण सैंटर के प्रभारी अनुप सिंह लेक्चरर, राजकुमार सैनी कोषाध्यक्ष, बलवंत सैनी, हवा सिंह सैनी, दिलबाग सैनी, बहल सेंटर के प्रभारी मा. रतिराम सैनी लेक्चरर, सुरेश चंद सैनी, संदीप सैनी एडवोकेट, सुरेश सैनी बवानी वाले, प्रमोद सैनी, संगठन सचिव, दुल्हेड़ी सैंटर के प्रभारी मुकेश सैनी प्राचार्य, निरंजन लाल एडवोकेट, सुभाष चंद सैनी संगठन सचिव, सुशील सैनी संस्कृत अध्यापक, ओमप्रकाश सैनी उपाध्यक्ष, लोहारू सैंटर के प्रभारी मा. शशीकांत, आजाद सैनी वरिष्ठ उपप्रधान, शिवजी राम सैनी, महेंद्र सिंह ढाणी चरखान रहे।



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।



## लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।

## हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

## टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।



# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगी। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।



## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज़ दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख़ खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज़ दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज़ दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज़ हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।



**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज़ दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफ़ी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंदर रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 589 लोगों की आंखें जांची और दवाई दी

**चरखी दादरी।** पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के जन्मदिन पर उनकी स्मृति में मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन द्वारा नगर परिषद परिसर व रामलबास, झोझू, कदमा, बलाली, आदमपुर, रामनगर, मकड़ाना व बलकारा आदि में आयोजित रक्तदान व मेडिकल कैंपों की अध्यक्षता रामअवतार यादव, नरेंद्र सांगवान, धर्मपाल रावा, रमेश गंडास, मनोज बजाड, विजेंद्र यादव सुनील फौगाट, बजगवान कालेहर आदि ने की।

### 9000 एलबेंडाजोल की गोलियां वितरित की

**बवानीखेड़ा।** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एमपीएचडबल्यू कृष्ण यादव व राजेन्द्र कुमार ने मिलकर शहर के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में लगभग 9 हजार एलबेंडाजोल की गोलियां वितरित की। पीएचडबल्यू कृष्ण यादव व राजेन्द्र कुमार इस टेबलेट को निगले से पहले पूरी तरह से चबा सकते हैं या निगल सकते हें। इसे भोजन के साथ लें सकते हैं। ये दवा शरीर में कमजोरी को दूरी करने के साथ साथ रक्त बढ़ाने में भी कामयाब सिद्ध होती है।

### रक्त जीवन का अनमोल उपहार : राजेश

**भिवानी।** रक्तदान को महादान कहा जाता है, रक्त ही जीवन का एकमात्र ऐसा पदार्थ है, जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री मे नहीं हो सकता। रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान से ही पूरी हो सकती है, इसलिए हमें नियमित रक्तदान करते रहना चाहिए। इसी सोच के साथ कई सामाजिक संगठन व सामाजिक कार्यकर्ता नियमित रूप से रक्तदान मुहिम को चलाए हुए हैं।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य व डॉ. पवन मित्तल, चौधरी बंसीलाल सिविल अस्पताल की टीम – डॉ. आशीष, डॉ. पूजा, डॉ. मृदुल सहित गणमान्य अतिथि ज्योति, बबीता, घनश्याम व जगदीश जांगड़ा विद्यालय में उपस्थित रहे।

### एनएमएमएस व उल्लास के प्रति किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में इंस्पायर अवार्ड, एनएमएमएस, उल्लास कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक में मुकेश महता, रोहित कुमार, कपिल कुमार, मुकेश कुमार ने भी अपनी अहम भूमिका अदा की। बैठक में विद्यालय प्राचार्य, संबंधित स्टाफ पहुंचे। कार्यक्रम में इंस्प ायर नॉमिनेशन एवं सांइस एक्टिविटी के बारे में रोहित कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नए-नए आइडिया को ऑनलाइन करना है व विभाग द्वारा निर्धारित राशि दी जाती है जिसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर है। वहीं एनएमएमएस के बारे में गणित विशेषज्ञ कपिल ने जानकारी दी।

---

सरपंच ने उपायुक्त व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की जल निकासी की मांग

# गांव बीरण में बाढ़ से हालात, स्कूल व मंदिर में दो से ढाई फुट भरा पानी

स्कूल में पानी भरने से मंदिर में लगाई कक्षाएं, अब मंदिर में भी भरा बारिश का पानी: सरपंच सुल्तान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

जिल में लगातार हो रही भारी बारिश ने गांव बीरण में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गांव के सरकारी स्कूल और मंदिरों में पानी भर गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। ग्रामीण प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी की मांग कर रहे हैं, ताकि हालात सामान्य हो सकें। गांव बीरण के सरपंच सुल्तान सिंह ने बताया कि बीते दिनों आई तेज बारिश के कारण पहले ही गांव के सरकारी स्कूल में पानी भर गया था, जिसकारण 20 दिनों से बच्चों की कक्षाएं पास के मंदिर में लगाई जा रही थी। अब तेज बारिश के कारण कक्षाएं लगने वाले मंदिर में भी पानी भर गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से रूक गई है। यह स्थिति बच्चों के भविष्य के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने बताया कि स्कूल में भरे बरसाती पानी की स्थिति का जायजा बीते दिनों सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने भी लिया था, इसके बावजूद भी आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गांव के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में लगभग दो से ढाई फीट पानी भर गया है। स्कूल के सामने स्थित जोहड़ ओवरफ्लो हो गया है, जिसका पानी अब स्कूल के अंदर घुस गया है। जलभराव के कारण न केवल बच्चों का स्कूल में आना-जाना मुश्किल हो गया है, बल्कि स्कूल के पास लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से भी खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों को डर है कि कहीं कोई अप्रिय घटना न हो जाए।





भिवानी। स्कूल में जलभराव की स्थिति का जायजा लेती मंत्री श्रुति चौधरी व गांव बीरण के स्कूल में कक्षा कक्षों में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

### पानी निकालने के लिए तुरंत कदम उठाएं

सरपंच सुल्तान सिंह ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उपायुक्त व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से तुरंत मदद की अपील की है। पंचायत ने प्रशासन से अनुरोध किया कि वे मौके पर अधिकारियों को भेजकर स्थिति का जायजा लें और पानी निकालने के तुरंत कदम उठाएं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पानी नहीं निकाला जाता, तब तक बच्चों की पढ़ाई फिर से शुरू नहीं हो पाएगी और उनके सामने हमेशा खतरा बना रहेगा।



---

## एनसीसी विद्यार्थियों के लिए किया गया भर्ती प्रक्रिया का आयोजन



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कैडेट।

- 11 हरियाणा बटालियन के एडम ऑफिसर कर्नल थामस कूटी स्वयं उपस्थित रहे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के एनसीसी इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्रथम सत्र के विधार्थियों एवं ओपन कैटेगरी के लिए नए एनरोलमेंट की भर्ती प्रक्रिया का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ मनीष एवं लेफ्टिनेंट डॉ. रीना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 11 हरियाणा बटालियन के एडम ऑफिसर कर्नल थामस कूटी स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि कहने की जरूरत नहीं कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवा भारतीयों को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। देश के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करने और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहने के लिए संगठित प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का मानव संसाधन बनाना एन सी सी का मुख्य उद्देश्य है। भर्ती के लिए आए छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने एन.सी.सी. के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एन.सी.सी. के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य निर्माण की सम्भावनाओ पर प्रकाश डाला। आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी इकाई एवं ओपन कैटेगरी के तहत टी आई टी प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया के लिए शारीरिक एवं लिखित परीक्षा एवं ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया।

#### कैडेट्स को किया प्रोत्साहित

एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ अनिल तंवर ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवा भारतीयों को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। एनसीसी अधिकारी डॉ मनीष कुमार एवं लेफ्टिनेंट डॉ रीना ने महाविद्यालय में पधारे सभी एन सी सी अधिकारियों का धन्यवाद प्रकट करते हुए एन.सी.सी. के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य निर्माण की सम्भावनाओ की विस्तार से जानकारी दी।

---



चरखीदादरी। बच्चों को कृमि नाशक टेबलेट देते स्वास्थ्यकर्मी।

### बच्चों को खिलाई कृमि नाशक टेबलेट

**चरखी दादरी।** सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशों अनुसार विभिन्न अस्पतालों में पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के बीच कृमि नाशक टेबलेटों का वितरण किया जा रहा है, जिससे कि अगर उन्हें ऐसी कोई भी समस्या हो तो उससे उनको छुटकारा मिले, उनका स्वास्थ्य सही रहे तथा वो पूरी तरह से अध्ययन पर ध्यान दे सके। इसी कड़ी में राजकीय माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक पाठशाला कारीदास में मिडिल हेड नसीब सिंह व प्राइमरी हैड अनिल कुमार की अगुवाई में बच्चों को कृमि नाशक गोलियां दी। अध्याक सुंदरपाल फौगाट ने कहा कि बच्चों के पेट के कीड़े की दवा देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे एनीमिया का जोखिम कम होता है, पोषक तत्वों का अवशोषण सुधरता है। शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है और स्कूल में बच्चे की उपस्थिति और सीखने की क्षमता बेहतर होती है। कृमि संक्रमण से पोषक तत्वों की कमी, कमजोर स्वास्थ्य और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए सही उपचार व स्वच्छता से बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना जरूरी है।

---

## विज्ञान ड्रामा में जीडी गोयनका स्कूल प्रथम

- ब्लॉक स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरूग्राम के निर्देशानुसार खंड शिक्षा कार्यालय भिवानी द्वारा ब्लॉक स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन गोयनका सीनियर सैकेंडरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रवक्ता अनिल अरोड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य गरीमा सावलानी ने की। मुख्यअतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डा. अनिल गौड़ उपस्थित रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में गोयनका स्कूल के चेयरपर्सन मदनलाल, निर्देशक सतीश वैद्य, मनीष वैद्य व प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान रामअवतार शर्मा ने शिरकत की। विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में सरकारी व प्राईवेट 13 स्कूलों के लगभग 120 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रौधोगिकी, विज्ञान में महिलाएं, आधुनिक कृषि, डिजिटल इंडिया, सभी के लिए स्वच्छता, हरित प्रौधोगिकिया विषय रहा।

इस प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। विज्ञान ने हमारे जीवन को बहुत सरल और सुविधाजनक बना दिया है। हमें विकास के साथ विज्ञान का प्रयोग करना चाहिए। क्योंकि संशाधनों का अनुचित उपयोग विनाश का कारण बनता है। आज एआई तकनिक के द्वारा नई-नई खोज हो रही हैं।




भिवानी। विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### वैश्य स्कूल द्वितीय

प्रतियोगिता में जीडी गोयनका सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रथम, वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल द्वितीय, चेतन्य स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौको मिलेगा। प्रतियोगिता में प्राचार्या सीमा काठपालिया, रीमा परमार, इंदु शर्मा, प्रवक्ता शीतल ने जज की भुमिका निभाई। इस अवसर पर प्रवक्ता प्रवेश गौतम, प्राचार्या सवीता घणघस, प्रवक्ता अनिल हलवासिया, एईओ सत्यवान, प्रवीन काठपालिया व लक्ष्मण गौड़ उपस्थित रहे।

---



बाढ़ड़ा। स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राए।

### स्लोगन लेखन में बीए द्वितीय वर्ष की प्रमिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता व नशामुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ प्रभारी आनंद कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ ने नशे और मादक पदार्थों से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुई। स्लोगन लेखन में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रमिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति प्रथम रही। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशामुक्ति का सशक्त संदेश दिया। प्राचार्य सुबेसिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज और युवा पीढ़ी दोनों के लिए एक गंभीर अभिशाप है।

---




भिवानी। वोट अधिकार जनचेतना प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने शहीद भगतसिंह चौक पर किया वोट अधिकार जनचेतना प्रदर्शन

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में वोट अधिकार जनचेतना प्रदर्शन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शन का संचालन एडवोकेट सोमवीर शेषमा ने किया एवं प्रोफेसर केपी सिंह, सूबेदार सज्जन सिंह धतरवाल, हरपाल सांगवान आदि उपस्थित रहे। 22 अगस्त से शुरू किया प्रदर्शन भिवानी के शहीद भगत सिंह चौक पर हर रोज शाम को छह से साढ़े सात बजे तक किया जाता है। प्रदर्शनकारी चौक के बीचों-बीच खड़े होकर हाथों में चुनाव आयोग व सरकार के विरोध में स्लोगन लिखित पट्टियां लेकर नारेबाजी कर एवं वोट चोरी से संबंधित आमजन की शंकाओं का निवारण करते हैं। मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया कि प्रदर्शन विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बिहार में चलाई जा रही वोट अधिकार यात्रा के अनुरूप किया जा रहा है। प्रदर्शन में सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों का वर्णन कर एसआईआर के नाम पर देशवासियों के वोट काटे जाने, चुनाव में ईवीएम का दुरूपयोग किए जाने एवं सरकार व चुनाव आयोग की मिलीभगत से चुनाव में धांधली कर चुनाव जीते जाने बाबत जन-जन के मन में उठते सवालों पर विचार रखे जाते हैं।

---

## चौ. देवीलाल ने कमेरे, मजदूर और किसान के लिए किया आजीवन संघर्ष: सुनैना चौटाला

- सुनैना चौटाला ने चौ. देवीलाल जयंती के लिए दिया निमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

इनेलो महिला विंग प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौ. देवीलाल जयंती पर 25 सितंबर को रोहतक नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाली रैली को लेकर सोमवार को हल्का भिवानी के गांव मानहेरू, नांगल, पुर्णपुरा, कोट, गांव सांगा, बामला, हालवास, गोविन्दपुरा में, नवा राजगढ़ तथा गांव निमडीवाली आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को रोहतक रैली में तथा 31 अगस्त को कोंट रोड स्थित नंद गार्डन में प्रातः 10 बजे इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला व इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा द्वारा भिवानी हल्का के कार्यकर्ताओं की ली जाने वाली बैठक को लेकर ग्रामीणों को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उन्होंने दावा किया कि 25 सितंबर रैली के प्रति जनता में काफी उत्साह है। उन्होंने दावा किया कि चौ. देवीलाल ने आजीवन कमेरे, मजदूर व किसान वर्ग के हितों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।



---



भिवानी। नंदोत्वस कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते विधायक।

## हनुमान जोहड़ी मंदिर में 18 दिवसीय नंदोत्सव रहा जारी

- महंत चरणदास व विधायक घनश्याम सर्राफ सर्राफ ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को झुलाया झूला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट की ओर से श्री बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में हनुमान जोहड़ी स्थित हनुमान ढ़ाणी मंदिर में चल रहे 18 दिवसीय नंदोत्सव में भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 16 अगस्त से 3 सितंबर तक चलने वाला यह कार्यक्रम भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

नंदोत्सव के 10वें दिन मुख्य अतिथि के रूप में भिवानी के विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने महंत चरणदास के साथ मिलकर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को झूला झुलाया और उनकी आरती की। महंत चरणदास महाराज व विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण के जन्म और जलवा महोत्सव का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म के मार्ग पर चलने और प्रेम व सद्भाव का संदेश देता है। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमें सामाजिक एकता और भाईचारे की भी प्रेरणा देता है। चरणदास महाराज ने बताया कि नंदोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

---

**श्रीमद्भागवत कथा**

सिंघानिया धर्मशाला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीव जन्म और मरण के बंधन से हो जाता है मुक्तः रमेश

कलशयात्रा बिचला बाजार स्थित मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल सिंघानिया धर्मशाला पहुंची

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

शिवनगर स्थित सिंघानिया धर्मशाला में कनोड़िया परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरूआत मंगलवार को कलशयात्रा निकालकर की, जिसमें सैंकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कलशयात्रा बिचला बाजार स्थित मंदिर से शुरु होकर कथा स्थल सिंघानिया धर्मशाला पहुंची। सात दिवसीय कथा में कथाव्यास आचार्य रमेश मिश्र कथा का वाचन करेंगे तथा 26 अगस्त से 1 सितंबर तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचन करते हुए कथाव्यास आचार्य रमेश मिश्र ने कहा कि हिंदू रीति के अनुसार जब भी कोई पूजा की जाती है तो उसमें कलश की स्थापना करना अनिवार्य है, क्योंकि जल से भरे कलश को मानव शरीर का प्रतीक माना जाता है। कलश को शांति का संदेश वाहक भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पितृगणों को भोजन से तृप्ति व कथा से मुक्ति मिलती है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं, बल्कि हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मो का उदय भी होता है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।



भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा में पूजन करते श्रद्धालु।

#### जीवन में भागवत कथा का बड़ा ही महत्व

कथाव्यास आचार्य रमेश मिश्र ने कहा कि कथा के श्रवण से जीव के सभी पाप मिट जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में भागवत कथा का बड़ा ही महत्व है। कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा मन का शुद्धिकरण होता है। प्रत्येक मनुष्य को भागवत की संपूर्ण कथा का श्रवण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का पूजन मुकेश शर्मा, नंद किशोर शर्मा, मोहित शर्मा, हिमांशु शर्मा, योगेश शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, नितेश शर्मा, गौत्तम शर्मा व प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

### 42वें दिन भी धरना जारी

**लोहारू।** लोहारू में फसल बीमा क्लेम भुगतान और किसान हित की मांगों को लेकर चल रहा किसानों का धरना 42 वें दिन भी जारी रहा। धरने की संयुक्त अध्यक्षता पृथ्वी सिंह पूर्व प्राचार्य, अजीत सिंह गोपाल वास, महावीर सिंघानी, नंदलाल गिगनाऊ,शीश राम मंढोली खुर्द ने संयुक्त रूप से की।

**सूचना**

मैं, औम प्रकाश पुत्र धर्मपाल निवासी गांव ढाणी टोडा, तहसील लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र योगेश व पुत्रवधु प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर थे और मैंने अपने लड़के योगेश व मेरी पुत्रवधु प्रियंका को दिनांक 09.02.2024 को हरिभूमि अखबार के माध्यम से बेदखल कर दिया था और अब मेरे पुत्र योगेश व पुत्रवधु प्रियंका मेरा कहना मानने लगे है और मेरे आज्ञाकारी है और अब मेरे पुत्र योगेश व पुत्रवधु का प्रियंका का मेरी चल व अचल संपत्ति में उनका हक व अधिकार होगा और जो मैंने बेदखली बाबत अखबार में निकाली थी व आगे से कैंसिल समझी जाए।

## खबर संक्षेप

### किड्स स्कूल में महिला समानता दिवस मनाया

**भिवानी।** डोभी तलाब स्थित मेगा माइंड किड्स स्कूल में महिला समानता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्यतिथि प्राचार्या मंजू शर्मा रही तथा मंच संचालन उपप्राचार्या पूजा ने किया। प्राचार्या मंजू शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं। भारतीय संविधान द्वारा समानता का मौलिक अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का रूप माना गया है। नारी के बिना कोई भी देश व समाज विकास नहीं कर सकता है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में संपन्न हुई, जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार पलसानिया और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश जैलदार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की आगामी रणनीति व 12 अक्टूबर को जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करना था। बैठक के दौरान भिवानी निवासी और संगठन के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता निशांत सिंह ढ़ांडा, प्रदेश सचिव अधिवक्ता रवि राय, अधिवक्ता सुनील श्योराण, अधिवक्ता अमित मलिक को भी नियुक्ति पत्र सौंपे और उनकी जिम्मेदारियां सौंपी।

### योग प्रतियोगिता में स्कूल की भागीदारी रही

**चरखी दादरी।** पीएच स्कूल के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत व कुशल अध्यापकों के नेतृत्व में सफलता के लिए प्रयास किया। बता दें कि जिला स्तर पर योग प्रतियोगिता का आयोजन आर्य संस्कृत महाविद्यालय में होगा, जिसमें विद्यालय की तीन छात्रा विदुषी कक्षा छठी, माहिरा कक्षा तीसरी और रिद्धि ने भाग लिया। इन्होंने योग का संदेश दिया कि करो योग और रहो निरोग प्रशिक्षित करने का श्रेय डीपीई ललित व योग अध्यापिका पूनम रानी को जाता है। प्राचार्य ओपी तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करनी चाहिए, जिससे वह अपने विद्यालय और नाम रोशन कर आगे बढ़ें।

# बापोड़ा मंडल की बैठक हुई, जिला अध्यक्ष कौशिक बोले- किसान, महिला युवा और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार

## पहले सत्र में संगठन, दूसरे सत्र योजनाएं, तीसरे सत्र में मन की बात व सरल पोर्टल पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

बापोड़ा मंडल की बैठक गांव लोहानी में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत बापोड़ा ने की तथा मंच संचालन राजेश जांगड़ा ने किया। पहले सत्र में संगठन, विस्तार व बूथ स्तर के कार्यक्रम, दूसरे सत्र प्रदेश व केंद्र स्तर की सरकार की योजनाएं, तीसरे सत्र में मन की बात व सरल पोर्टल, चौथे सत्र में पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**लोगों का जीवन स्तर सुधरा : कौशिक**

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार किसान, महिला, युवा और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में मजबेती से कार्य कर रही है। जिसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की बदौलत आज भाजपा शासनकाल में लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। कौशिक ने नायब सैनी को देश का सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में उभरता हुआ नेता बताया तथा उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत, वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते सम्मान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने करोड़ों परिवारों की घर, बिजली, पानी, राशन, चिकित्सा व शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाने का कार्य किया तथा लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का कार्य किया। इस मौके पर मीना परमार, संदीप श्योराण, विक्रम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन की सरकार है, जिसका उद्देश्य आमजन का जीवन स्तर सुधारने के लिए योजनाएं क्रियान्वित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ योजनाएं क्रियान्वित नहीं करती, बल्कि उनका लाभ आमजन तक पहुंच सकें यह भी सुनिश्चित करती है।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मनोहर डीएम, रविंद्र बापोड़ा, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल व रेखा राघव, मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, सह प्रभारी सुनील शास्त्री, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुनिपाल, धर्मपाल, राजू बापोड़ा, सूरजभान वर्मा, अजीत शेखावत, मंडल महामंत्री दिनेश भारद्वाज, राजेश पुनिया, चित्रपाल सिंह, बबीता शिमली, सुमेर सैनी, जयवीर बापोड़ा, राजेंद्र सरपंच, राजा सरपंच, पवन सरपंच, सुनील लेघा, राधेश्याम शर्मा, पवन धतरवाल, राजबीर सरपंच, रामोतार शर्मा और मंडल सोशल मीडिया प्रभारी इमरान खान बापोडिया, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, जगत, अधिवक्ता राजेश जांगड़ा, बबीता शिमली भी मौजूद रहे।

### पौधरोपण करके चौधरी बंसीलाल को किया याद

**भिवानी।** हरियाणा के विकास पुरुष एवं लौह पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल की जयंती पर समाजसेवी जितेन्द्र भोलू की माता 95 वर्षीय मान प्यारी ने गांव लेघां भानान में पौधारोपण किया। पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल को नमन करते हुए समाजसेवी जितेन्द्र भोलू ने कहा कि चौ. बंसीलाल ने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश का एक समान विकास करवाया। गरीब, किसान, मजदूर व आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को लागू किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल 1968, 1972 1986 और 1996 में में चार बार मुख्यमंत्री बने। हरियाणा के गठन के बाद विकास बंसीलाल की अगुवाई के कारण ही हुआ।

## चौधरी बंसीलाल की 99वीं जयंती पर गांव गोलागढ़ में समाधि स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन

# चौधरी बंसीलाल का विदेशों में भी नाम: किरण चौधरी

**किरण चौधरी बोलीं अपने दादा के नक्शे कदम पर चलते हुए विकास कार्य करवा रही है श्रुति चौधरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल का हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे भारत वर्ष में नाम है। वे 36 बिरादरी के नेता थे। गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने कल्याणकारी योजनाएं लागू कर किसानों और गरीबों की कायाकल्प की। उनके द्वारा भिवानी के रेतीले क्षेत्र में स्थापित की गई लिफ्ट इरीगेशन सिस्टम की पूरे भारत में सराहना हुई। चौधरी बंसीलाल द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। वे हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। चौधरी मंगलवार को चौधरी बंसीलाल की 98 जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव गोलागढ़ स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने बंसीलाल की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। राज्यसभा सांसद ने कहा कि रेल, विदेश और रक्षा मंत्रालय में चौधरी बंसीलाल का नाम और प्रतिमा देखकर बेहद खुशी होती है। चौधरी बंसी लाल का विदेशों में भी नाम है। उन्होंने कहा कि चौधरी बंसीलाल ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान पूरे प्रदेशभर में नहरों और सड़कों का जाल बिछाया। उन्होंने प्रदेश को एक समान रूप से देखा। प्रदेश भर में बिजली और पानी पहुंचाने का काम किया। उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के चलते ही उनको विकास पुरुष के नाम से जाना जाता है। राज्यसभा सांसद ने कहा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी भी अपने दादा के नक्शे कदम पर चलते हुए हल्के में विकास कार्य करवा रहीं हैं। स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल द्वारा पूरे प्रदेश भर में बनवाए गए पंप हाउस, नहर, माइनर और भिवानी के लिफ्ट इरीगेशन सिस्टम का श्रुति चौधरी करोड़ों रुपए की लागत से जीर्णोद्धार करवा रही हैं। उन्होंने कहा कि हल्का तोशाम में विकास कार्य की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। तोशाम हल्के को एक आदर्श हल्के के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे गोलागढ़ और इस इलाके की जनता को नमन करती हैं कि उन्होंने उनका संघर्ष के समय में साथ दिया, वे अपने इलाके को कभी नहीं भूल सकती।



तोशाम। गांव गोलागढ में पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल की समाधि पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**!!!!!!!!!**

राज्यसभा सांसद ने कहा कि भाजपा देश हित में नीतियां बनाकर कार्य कर रही है। सरकार नौजवानों के हित में बिल लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेम के खिलाफ बिल आने से देश के युवा लाखों करोड़ों रुपए की ठगी से बचेंगे। ऑनलाइन गेम पर पाबंदी लगने से युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से बचेगा। इसी प्रकार केंद्र सरकार ऐसा बिल ला रही है जिसमें 30 दिन की सजा होने पर नेताओं को राजनीति से बाहर होना पड़ेगा। इससे देश में स्वच्छ राजनीति बनेगी। चौधरी ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही है।

## सीबीएलयू में मनाई गई चौधरी बंसीलाल की जयंती

- कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा सहित सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने किया भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व चौधरी बंसीलाल को याद कर नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से प्रयास स्पेशल स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों संग कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व चौधरी बंसीलाल की 98 वीं जयंती श्रीनिवास रामानुजन भवन में मनाई गई। कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा सहित सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व चौधरी बंसीलाल को याद कर नमन किया। इस अवसर पर प्रयास स्पेशल स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपनी अनुपम प्रस्तुति दी और चौ बंसीलाल ए विजनरी लीडर विषय पर संभाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो दीप्ति धर्माणी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आधुनिक हरियाणा के निर्माता चौ. बंसीलाल ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की। उन्होंने कभी भी क्षेत्रवाद या जातिवाद की राजनीति नहीं की। जब भी हरियाणा के निर्माण की बात आती है तो रेतीले टिल्लों पर पानी और हर गांव में बिजली पहुंचाने का जिक्र होता है तो सबसे पहले चौ. बंसीलाल का नाम आता है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने आए हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए चौ बंसीलाल को हरियाणा निर्माता बताते हुए उन्हें भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद व जातपात का धुर विरोधी बताया। पूर्व कुलसचिव एवं डीन डॉ जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि चौधरी बंसीलाल एक कुशल प्रशासक एवं स्पष्ट छवि के नेता थे और उन्होंने बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रांत में समान रूप से विकास कार्य करवाए। कार्यक्रम की सचिव एवं युवा कल्याण विभाग की निर्देशिका डॉ. सोनल शेखावत ने मंच संचालन करते हुए बताया कि जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अतः महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता में शैक्षणिक संस्थानों के बीस विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हिन्दी पखवाड़े में दिखा उत्साह

- तीन समूहों में कार्यक्रम हुआ आयोजित, प्रथम चरण में एक ही विद्यालय के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने पहुंचकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के आदेशानुसार उप-प्राचार्य सत्यवान के नेतृत्व में आयोजित हुआ। निर्णायक मंडल की भूमिका गरिमा रानी, बबीता सैनी, सोनू तवंर, मीनू कुमारी, नवीन कौशिक, वंदना शर्मा ने अपनी अहम भूमिका अदा की। कार्यक्रम तीन समूहों में चौथी से पांचवी, छटी से आठवीं, नौंवी से 12वीं तक हुआ। प्रथम समूह में एक ही विद्यालय के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ह.बस्ती के विद्यार्थियों में सभी 5वीं कक्षा के विद्यार्थी रहे भाषण में वंशिका, कविता पाठ में यक्ष, चित्र देखकर कहानी लेखन में गौरव, निबंध लेखन में वंशिका, व्याकरण प्रश्नोतरी में गौरव ने बाजी मारी, वहीं दूसरे समूह छटी से आठवी कक्षा में वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 8वीं कक्षा की छात्राओं में कविता पाठ में वैशाली, चित्र देखकर कहानी लेखनी में अंजलि, घटना दर्शन में वैशाली, कविता लेखन में मनीष, भाषण में हिमांशी अव्वल रही।



बवानीखेड़ा। प्रतियोगिताओं के आयोजन में उपस्थित स्टाफ।



## विज्ञान प्रतियोगिता में आर्यभट्ट टीम रही विजेता

**भिवानी।** सुभाष चौक स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना, तर्क शक्ति जागरूकता तथा टीम भावना को प्रोत्साहित करना था। स्कूल संचालक डॉ. सुभाष जैन ने बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में बताया। जैन ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य विज्ञान व उसके अविष्कारों पर निर्भर है। विज्ञान ने राष्ट्र के विकास में बहुत योगदान दिया है। मनुष्य लगातार अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए लगा रहता है, उसने विज्ञान द्वारा नए-नए अविष्कार करके दैनिक जीवन को आनंदमय बना लिया है, ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का बौद्धिक स्तर भी बढ़ता है। प्रतियोगिता में आर्य भट्ट टीम में वंशिका व जानवी, टीम रामानुजन में जतिन व बॉबी, टीम न्यूटन में अनिकेत व जय गर्ग ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुकाबला टक्कर का था, जिसमें आर्यभट्ट टीम प्रथम रही। जैन ने विजयी टीम को शुभकामनाएं दी।

# चौ. बंसीलाल का सहयोग अविस्मरणीय

- अनिरुद्ध चौधरी ने दादा को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की जयंती के मौके पर उनके इकलौते पोते अनिरुद्ध चौधरी ने अपने दादा पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मौजूद अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के पोते अनिरुद्ध चौधरी का कहना था कि हरियाणा के विकास में चौधरी बंसीलाल का सहयोग अविस्मरणीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए समस्त हरियाणा को एक नजर से देखते हुए समान रूप से विकास कार्य करवाए और भारत देश में हरियाणा की अलग पहचान बनाई। अनिरुद्ध चौधरी का कहना था कि उनके दादा चौधरी बंसीलाल की सोच तथा उनके कार्य अनूठे थे। इस मौके पर राममेहर चेयरमैन गोलागढ़, बलवान मास्टर नंगला, देवराज महता, अमन राघव, अशोक ढोला, भीम, बलवान एमसी, भूप मान, सूबे सिंह, डॉक्टर तुलसी, अशोक जोगी एमसी, बब्बल विधवान, देवेंद्र सिधनवा, कुलदीप मौजूद रहे।



भिवानी। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए।



## मनोज बल्लू बामला तीसरी बार बने सिटी यूनिट प्रधान

**भिवानी।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 से 28 तक यूनियन की कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी पूर्व महासचिव ईश्वर बाबा तालू, विनोद बिहारी व सूरजमल की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें मनोज बल्लू बामला को लगातार तीसरी बार सिटी यूनिट भिवानी का प्रधान चुना गया। वहीं राजकुमार जटासरा को सचिव, वरिष्ठ उपप्रधान मोंटी, उपप्रधान कुलदीप तालु, सहसचिव अनिल कादमा, कोषाध्यक्ष पवन धनाना, ऑडिटर उमेश बुसान, संगठनकर्ता सुरेन्द्र बुरा खेड़ी, सुदर्शन यादव, अनिल तालु, विनोद चहल को चुना गया। यू नि ट चेयरमैन रमेश यादव, श्रवण कुमार व विनोद धारेडू को युनिट सदस्य मनोनीत किया। सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त सिटी यूनिट प्रधान मनोज बल्लू बामला ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों ने उन पर तीसरी बार प्रधान पद की जिम्मेवारी सौंपकर जो विश्वास जताया है, वे इसके लिए सभी कर्मचारियों के आभारी हैं।

## किसान सभा का कैरू में ब्लॉक का चौथा सम्मेलन संपन्न

# बिजली निजीकरण व स्मार्ट मीटर योजना रद की जाए

- बलबीर शर्मा प्रधान व शमशेर सिंह चुने गए सभा के सचिव
- जलभराव के पीड़ित किसानों को एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए : ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा का चौथा कैरू ब्लॉक सम्मेलन बाबा मुंगीपा भवन में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता मास्टर सुखदेव सिंह ने की। मंच संचालन किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने करते हुए कहा कि कृषि संकट के चलते किसान भारी परेशानी में है। एक तरफ किसान को उसकी उपज का न्यायोचित भाव नहीं मिल रहा, दूसरी तरफ बिगड़ते पर्यावरण व ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का पूरा मुआवजा नहीं मिल रहा है, जिस कारण ओलावृष्टि, सर्दी व बीमारी से बर्बाद फसलों का पूरा बीमा क्लेम व मुआवजा नहीं मिलने से किसान कर्जवान होकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि कारपोरेट शासन के चलते मजदूरों के कानून बदल दिए हैं। मजदूरों के काम के घंटे 8 से 12 कर दिए है। न्यूनतम वेतन व रोजगार की सुरक्षा की गारंटी खत्म कर दी है, इसलिए मजदूर भी सरकारों से तंग हैं। इन मांगों के अलावा किसानों को डीएपी/ यूरिया खाद मिले, बिजली निजिकरण व स्मार्ट मीटर योजना रद करवाने की चर्चा की।



भिवानी। सम्मेलन के दौरान विरोध जताते किसान सभा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ब्लॉक कमेटी का निर्विरोध चुनाव हुआ**

सम्मेलन में डॉ. बलबीर ठाकन व मास्टर जगरोशन ने कहा कि जहां किसान संगठित हुआ है, वहां सरकार व प्रशासन को झुकना पड़ता हैं और उन्हें उनका हक मिला भी हैं। उन्होंने 25 सदस्यी ब्लॉक कमेटी का निर्विरोध चुनाव किया, जिसमें बलबीर शर्मा को प्रधान व शमसेर सिंह धारवानबास को सचिव व रणधीर जाखड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया है। वहीं सत्येद्र कैरू को प्रेस सचिव, छोटूराम पूनिया व राजबीर बुड़ानिया को मुख्य सलाहकार, पांच उपप्रधान व चार सहसचिव चुने गए हैं। इस मौके पर छोटूराम पुनिया, जिला पार्षद जगदीश लाला, प्रेमसिंह सेखावत, राजबीर बुडानिया, धूपसिंह, प्रतापसिंह सिंहमार, रमेश जांगड़ा व इंद्रसिंह आदि मौजूद रहे।

### हम भी देश को कुछ देना सीखें: गोपाल

**भिवानी।** बच्चों में सेवा, सुरक्षा, संस्कार और अपने धर्म के प्रति जागरूकता को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के दौरन विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गोपाल तंवर ने बताया कि को बताया कि देश हमें देता सब कुछ , हम भी तो कुछ देना सीखे । औरों का हित हो जिसमें , हम कुछ ऐसा करना सीखे। उन्होंने बताया कि आप घर में रहकर देश के लिए किस प्रकार से कार्य कर सकते हैं, पानी का संरक्षण करके, बिजली बचा के ,अपने आसपास सफाई अभियान चलाकर और पर्यावरण के लिए पौधे लगाकर आप समाज के लिए कार्य कर सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ शपथ ली कि सभी अपने माता-पिता ,गुरुजनों व बड़ों का आदर करेंगे।